CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 29 ▫ रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## विदेशी फंडिंग के जरिए धर्मांतरण की गतिविधियों की जांच आवश्यक : साय



विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग पर उठाए गंभीर सवाल

**रायपुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में कार्यरत कुछ गैर-सरकारी संगठनों को दी गई फंडिंग के दुरुपयोग को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस विदेशी सहायता का उपयोग धर्मांतरण जैसी अवैध गतिविधियों में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां हर व्यक्ति को अपनी इच्छा के अनुसार धर्म मानने की स्वतंत्रता है। लेकिन जब अशिक्षा, गरीबी, चंगाई या लोक-परलोक के नाम पर लोगों को बहकाकर या प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो यह न केवल अनैतिक है, बल्कि संविधान की मूल भावना के भी विरुद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां स्वास्थ्य और शिक्षा के नाम पर विदेशी धन प्राप्त करती हैं, लेकिन इसकी आड़ में स्थानीय लोगों को भ्रमित कर, लालच देकर, चंगाई के माध्यम से धर्मांतरण कराती हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन एनजीओ को जिस उद्देश्य के लिए फंडिंग दी जा रही है, उसका सही उपयोग हो रहा है या नहीं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस बात पर भी ध्यान दिलाया कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही ꠰ को बंद कर दिया था, क्योंकि वहां के करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा था। अब धीरे-धीरे यह खुलासा हो रहा है कि ꠰ के जरिए दी गई विदेशी फंडिंग का भारत में किस तरह से मनमाने ढंग से इस्तेमाल किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिया है कि राज्य में कार्यरत उन एनजीओ की गहन जांच की जाए, जिन्हें विदेशी एजेंसियों से वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी एनजीओ स्वास्थ्य और शिक्षा के नाम पर विदेशी फंडिंग लेकर किसी भी तरह की अवैध गतिविधि में लिप्त न हो। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है, तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए पहले से ही सख्त कानूनों को लागू कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जो भी संगठन, व्यक्ति या संस्था इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी धर्मों का सम्मान करती है और राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लेकिन यदि कोई भी संस्था धर्मांतरण के माध्यम से समाज में अस्थिरता फैलाने का प्रयास करती है, तो सरकार उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार केंद्र सरकार और प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर आवश्यक कदम उठाएगी, ताकि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

## सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को आज यानी शुक्रवार 21 फरवरी की सुबह दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्याओं के चलते कल गुरुवार 20 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां डॉक्टरों ने उनकी नियमित जांच की, जिसके बाद उन्हें आज छुट्टी दे गई। सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा सोनिया गांधी का हेल्थ अपडेट देते हुए बताया था कि अब उनकी हालत ठीक है तथा उन्हें निगरानी में रखा गया था। बता दें कि सोनिया गांधी की उम्र 78 वर्ष हो गई है और वह स्वास्थ्य संबंधी कुछ दिक्कतों का सामना कर रहीं हैं।

## पंचायत चुनाव : गरियाबंद में भाजपा की बढ़त जिला पंचायत की दोनों सीटों पर फिर मिली जीत

**गरियाबंद,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल चैनल)। पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गरियाबंद जिला पंचायत की दोनों सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया है. अब तक 6 सीटों के चुनाव में से 4 पर भाजपा बढ़त बनाई हुई है

. यहां कुल 11 सीटे हैं. इसमें से 7 सीट पर भाजपा के आने का अनुमान लगाया जा रहा है.

जिला बनने के बाद पहली बार जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलते दिखाई दे रहा है. गरियाबंद जिले के दूसरे चरण का मतदान बीती रात संपन्न हुआ. यहां जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 व 5 के लिए मतदाताओं ने मतदान किया था. देर रात ढाई बजे तक परिणाम आए, जिसके मुताबिक क्षेत्र क्रमांक 4 से भाजपा के लेखराज ध्रुवा ने 7 हजार से ज्यादा मतों से जीत दर्ज की. उनका मुकाबला भाजपा से बागी संतराम से ही था. कांग्रेस इस सीट पर तीसरे स्थान पर रही, जबकि क्षेत्र क्रमांक 5 में कांटे के मुकाबला के बीच भाजपा के शिवांगी चतुर्वेदी ने 500 मतों से जीत दर्ज की है. कांग्रेस के रजनी चौरे ने अंतिम चरण के मतगणना तक शिवांगी को टक्कर देती रही. अंतिम दो बूथों के परिणाम में रात 2 बजे ही यह तय हो पाया कि जीत किसकी हो रही है. इससे पहले तक आ रहे परिणाम में सस्पेंस बरकरार था.

## 'उड़ान' को लगा ग्रहण, दो महीने में ही धरती पर आ गई बिलासपुर-अंबिकापुर हवाई सेवा

**बिलासपुर,** 21 फरवरी (हाईवे चैनल चैनल)। बिलासपुर-अंबिकापुर के बीच जिस उम्मीद और उत्साह के साथ हवाई सेवा शुरू की गई थी, महज दो महीने में ही वह गायब हो गई है. यात्रियों की कमी की वजह से यह हवाई सेवा दो दिनों से बंद है.

केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत 19 दिसंबर से रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर रूट पर हवाई सेवा शुरू की गई थी. फ्लाई बिग एयरलाइन की ओर से रूट पर 19 सीटर विमान संचालित किया जा रहा था, जिसमें ट्रेन में लगने वाला रातभर का सफर एक घंटे से भी कम समय में पूरा हो जा रहा था. सेवा के लिए शुरुआती दिनों में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किराया महज 999 रुपए से शुरू हुआ करता था.फ्लाई बिग एयरलाइन ने सेवा को करीबन दो महीने तक सेवा संचालित की, लेकिन अब यात्रियों की कमी की वजह से हवाई सेवा बंद है. हालांकि, इस पर अभी तक कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन जानकारों का मानना है कि हवाई सफर का किराया ज्यादा होने की वजह से लोग इससे दूर हटते गए. अब सेवा कब शुरू होगी, इस पर भी कोई अपडेट नहीं है.

### प्रयागराज के लिए जगदलपुर से फ्लाइट नहीं, अफवाह से बचे

जगदलपुर, 21 फरवरी (हाईवे चैनल)। जगदलपुर से प्रयागराज के लिए 22 फरवरी को स्पेशल फ्लाइट शुरू करने संशय बना हुआ है। प्रशासन ने एलाइंस एयर का एक पोस्टर जारी कर फ्लाइट शुरू होने की जानकारी दी है। जबकि एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि यह गलत जानकारी है। यहां से न ही कोई स्पेशल फ्लाइट शुरू हो रही है और न ही कोई सी भी फ्लाइट प्रयागराज के लिए उड़ान भर रही है। ऐसे में अब यात्री कन्फ्यूज हो चुके हैं। दरअसल, प्रशासन ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें लिखा है कि महाकुंभ स्नान के लिए एलायंस एयर की स्पेशल फ्लाइट 22 फरवरी को शुरू की जा रही है।

## हाथरस भगदड़ कांड : 121 मौतों के जिम्मेदार पाए गए आयोजक और पुलिस

न्यायिक जांच रिपोर्ट में भोले बाबा को क्लीन चिट

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में 2 जुलाई 2024 को हुए भीषण भगदड़ कांड में 121 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। इस हादसे की न्यायिक जांच पूरी हो चुकी है और आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट को कैबिनेट में पेश किया गया, और इसे सदन में रखने की मंजूरी भी मिल गई है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस भगदड़ के लिए मुख्य रूप से सत्संग के आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया गया है। आयोजकों ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हालांकि, एसआईटी की तरह ही न्यायिक आयोग ने भी कथावाचक %भोले बाबा% को इस घटना से अलग रखा है और उन्हें क्लीन चिट दी है। जांच में यह पाया गया कि भगदड़ के पीछे बाबा की कोई भूमिका नहीं थी।

## महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं की तस्वीरें शेयर करने वालों पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान स्नान कर रही महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डालने और बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 17 सोशल मीडिया अकाउंट्स पर केस दर्ज किया है। हाल ही में पुलिस ने 15 सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जो महिलाओं के वीडियो और तस्वीरें पोस्ट कर रहे थे।




CMYK